Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-08-2006

Participants : Mishra Dr. Rajesh Kumar

an>

Title : Need to include 'Rajbhar' caste in the list of Scheduled Castes in Uttar Pradesh.

डॉ. राजेश मिश्रा (वाराणसी) : महोदय, आपने इस महत्वपूर्ण विाय पर अपनी बात रखने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद से ही राजभर समाज की सामाजिक और आर्थिक हालत को देखकर उसे अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग उठती रही है। आजादी के बाद उत्तर प्रदेश के 19 जातियों को विमुक्त जाति का दर्जा दिया गया था जिसमें 18 जातियों को अनुसूचित जाति का दर्जा दे दिया गया था। सिर्फ राजभर जाति को छोड़ दिया गया था।

पूर्व के लोक सभा सत्र में मैंने माननीय सदन में इस विाय को उठाया था। पूर्व की उत्तर प्रदेश सरकार ने इस विाय की अनुशंसा करके उसे केन्द्र सरकार के पास भेजा भी था। लेकिन अभी तक राजभर समाज को अनुसूचित जाति में शामिल नहीं किया जा सका है। लोक सभा में यह विाय आने के बाद यूपीए सरकार ने केन्द्रीय स्तर पर एक सर्वेक्षण दल राज्य में राजभर जाति की सामाजिक और आर्थिक हालात का जायजा लेने के लिए भेजा था। इस सर्वेक्षण दल ने अपनी अनुशंसा के साथ रिपोर्ट उत्तर प्र ादेश सरकार को समय से पेश भी कर दी थी। इस रिपोर्ट को समिति द्वारा पेश करने की अन्तिम तिथि 30, जुलाई, 2006 थी।

मेरी मांग है कि केन्द्र सरकार उत्तर प्रदेश पर यह दबाव डाले कि वह इस रिपोर्ट को जल्द से जल्द अपनी स्वीकृति के साथ उसके पास भेजे जिससे राजभर समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए जल्द से जल्द कानून बन सके।

---

*The speech was laid on the Table.